हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 जून 2026

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

11 उपचुनाव के परिणाम ने गुटबाजी और स्वार्थ की...



11 बस में मिला पैसों से भरा पर्स चालक ने यात्री को...





## खबर संक्षेप

### बाइक टकराई डिवायडर से युवक की हुई मौत

**कांकेर।** दुर्गुकोंदल थानांतर्गत ग्राम उत्तमार पुलिया के ऊपर बने डिवायडर में टकरा जाने से युवक



की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कामय कर विवचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि बालोद जिला के 23 वर्षीय नरेंद्र कुमार राणा पिता गुलाब सिंह अपनी मोटर सायकल क्रमांक 24 यू 6036 को तेज व लापरवाही पूर्वक चला रहा था। रोड किनारे लगे डिवायडर में टकरा गया, जिसके कारण 6 जनवरी को उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### बाइक से गिरे चालक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** आमाबेड़ा थानांतर्गत ग्राम छोटेतेवड़ा मेन रोड में बाइक से गिरने के कारण के आई गंभीर से मौत होने के मामले में पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया। विवेचना में पाया गया कि मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएस 3389 के चालक ने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाते हुए एक्सीडेंट कर दिया। गंभीर चोट आने से चालक की 2 मई को मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### इलाज के दौरान बुजुर्ग महिला की हुई मौत

**कांकेर।** बांदे थानांतर्गत बांदे निवासी 61 वर्षीय टेकराम मरई का इलाज के दौरान 3 जून को मौत हो गया। पीएचसी बांदे से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका का स्वास्थ्य खराब होने के कारण इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया था। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया।

### महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** कांकेर थानांतर्गत गढ़पिछवाड़ी निवासी 43 वर्षीय रमुला यादव पिता राकेश ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार मृतिका ने 3 जून को अज्ञात करणों के चलते फांसी लगा लिया, जिससे उसकी मौत हो गई।

### सायकिल रैली का आयोजन 07 को

**कांकेर।** विश्व सायकल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट अंतर्गत 07 जून को प्रातः 07 बजे से शासकीय पीएमश्री उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरहरदेव के खेल मैदान में जिला स्तरीय सायकल रैली का आयोजन किया जाएगा। इस सायकल रैली में जिले के गणमान्य नागरिकों, आम जनता, मीडिया प्रतिनिधि, खेल संघो के पदाधिकारियों, खिलाड़ियों, एनसीसी, स्काउट गाईड एवं अधिकारी-कर्मचारी सहित छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं।

# गांवों के बच्चों को मिलेगी शहर जैसी शिक्षा, छः स्कूल बनेंगे विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय

कांकेर जिले के विद्यार्थियों के लिए अच्छी खबर है। अब दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में पढ़ने वाले बच्चों को भी आधुनिक संसाधनों से युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेशभर में स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालयों की शुरुआत की जा रही है, जिसके तहत कांकेर जिले के छः स्कूलों का चयन किया गया है। इन विद्यालयों में स्मार्ट क्लास, ई-लाइब्रेरी, आधुनिक शिक्षण सामग्री और बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे सरकारी स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को नई पहचान मिलेगी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारी के अनुसार लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा राज्य में स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालयों के संचालन के लिए चयनित शालाओं की सूची जारी कर दी गई है। इसके तहत कांकेर जिले के पांच विकासखंडों से एक-एक विद्यालय का चयन किया गया है। इसके अलावा एक विद्यालय का प्रपोजल मंगवाया गया, जिसे भेजा गया है। इस तरह इस श्रेणी में अब 6 विद्यालय हो जाएंगे। इन विद्यालयों को चरणबद्ध तरीके से आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित किया जाएगा। साथ ही यहां शिक्षकों और अन्य आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए जिलों से स्वीकृत एवं रिक्त पदों की जानकारी भी मांगी गई है। राज्य सरकार का उद्देश्य ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों के विद्यार्थियों को उनके क्षेत्र में ही उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें बेहतर शिक्षा के लिए बड़े शहरों की ओर पलायन न करना पड़े। उत्कृष्ट विद्यालयों में तकनीक आधारित शिक्षण व्यवस्था, डिजिटल संसाधन, पुस्तकालय और अन्य सुविधाएं विकसित की जाएंगी।



स्मार्ट क्लास, ई-लाइब्रेरी, आधुनिक शिक्षण सामग्री की सुविधा होगी

### जिले से इन पाँच स्कूलों का किया गया चयन

*लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में पाँच स्कूलों का चयन किया गया है। इनमें कांकेर विकासखंड के शाउमावि आतुरगांव, नरहरपुर विकासखंड के शाउमावि सुरही, चारामा विकासखंड के शाबालिका उमावि चारामा, भानुप्रतापपुर विकासखंड के शाउमावि साल्हे, कोयलीबेड़ा विकासखंड के शाकन्याउमावि कापसी दर्ज है, इसके अलावा कोयलीबेड़ा विकासखंड के शाउमावि सिकसोड़ को भी जोड़ा गया है।*

### आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होंगे विद्यालय

*स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालयों को अत्याधुनिक सुविधाओं से विकसित किया जाएगा। इन स्कूलों में स्मार्ट भवन, आधुनिक विज्ञान प्रयोगशालाएं, ई-लाइब्रेरी तथा कम्प्यूटर शिक्षा के लिए संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। सर्वसुविधायुक्त शैक्षणिक वातावरण से शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा। वहीं विद्यालयों के सुचारू संचालन के लिए कुल 27 स्वीकृत पदों के विरुद्ध रिक्त पदों पर भर्ती की प्रक्रिया भी शुरू की जाएगी।*

## चारामा-मोहित और पखांजूर में रुक्मणी की जीत, राजनीतिक समीकरणों में हलचल

# चारामा व पखांजूर उपचुनाव में कांग्रेस की डबल स्ट्राइक, भाजपा को करारा झटका

चारामा और पखांजुर नगर पंचायत के उपचुनाव में आए परिणामों ने जिले की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। दोनों नगर पंचायतों के एक-एक वार्ड में हुए पार्षद चुनाव में कांग्रेस ने जीत का परचम लहराते हुए भाजपा को करारा झटका दिया है। सत्ता और संगठन की ताकत के बावजूद भाजपा की हार ने स्थानीय नेतृत्व, गुटबाजी और संगठनात्मक कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। परिणाम सामने आते ही भाजपा संगठन में बेचैनी बढ़ गई है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि यदि भाजपा ने समय रहते आत्ममंथन कर संगठन में फैली अव्यवस्था और अंतर्कलह पर कड़े निर्णय नहीं लिए, तो आने वाले विधानसभा चुनाव में भी इसी तरह के नतीजे देखने पड़ सकते हैं।

### चारामा-पखांजूर उपचुनाव: कांग्रेस की जीत से बदले राजनीतिक संकेत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा/ पखांजूर

चारामा के बालक हाईस्कूल में मतगणना स्थल में सुबह 8 बजे से मतणना शुरू हुई और एक घंटे में परिणाम सामने आ गया। इस वार्ड में कुल मतदाता 533 और 490 मतदाताओं ने मतदान किया था। कांग्रेस प्रत्याशी मोहित नायक को 286, भाजपा प्रत्याशी अनुप सोनकर को 201 और नोटा को 03 मत मिले। परिणाम आते ही कांग्रेसियों में जीत का जश्न दिखा, वहीं भाजपाई मायूस नजर आए। कांग्रेस के विजयी पार्षद मोहित नायक ने जीत के बाद कहा कि यह जीत मेरी नहीं, बल्कि पूरे वार्ड और कांग्रेस परिवार की जीत है। नवनियुक्त पार्षद ने कहा कि विधायक सावित्री मनोज मंडावी, नगर पंचायत अध्यक्ष भुवनेश्वर नागराज, भाजपा जिलाध्यक्ष बसंत यादव और हमारे सभी पार्षद और कांग्रेस के एक-एक जमीनी कार्यकर्ता का अद्भुत सहयोग और कड़ी मेहनत के कारण मुझे यह जीत मिल सकी।

### कांग्रेस की रणनीति पास और भाजपा फेल

*चारामा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 09 के उपचुनाव में कांग्रेस की जीत को राजनीतिक जानकार भाजपा के लिए चेतावनी और कांग्रेस के लिए बड़ी उपलब्धि मान रहे हैं। उनका कहना है कि यह केवल एक वार्ड की हार-जीत नहीं, बल्कि स्थानीय मुद्दों और संगठनात्मक मजबूती की परीक्षा थी। क्षेत्र में रेत खदानों को लेकर लंबे समय से चल रही चर्चाओं और विवादों का असर भी चुनावी माहौल में देखने को मिला। चुनाव के दौरान कुछ भाजपा नेताओं की गतिविधियों और प्राथमिकताओं को लेकर सवाल उठे, जिसकी चर्चा मतदाताओं के बीच भी होती रही।*

जश्न

### पखांजूर में भी भाजपा को झटका



*पखांजूर नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 09 में हुए पार्षद उपचुनाव का परिणाम गुरूवार को घोषित कर दिया गया। कांग्रेस प्रत्याशी रुक्मणी एट्री ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी को 65 मतों के अंतर से पराजित कर शानदार जीत दर्ज की। मतगणना में कुल 289 वैध मतों की गणना की गई तथा कोई भी मत अवैध नहीं पाया गया। निर्वाचन परिणाम के अनुसार कांग्रेस प्रत्याश्शी रुक्मणी एट्री को 158, भाजपा प्रत्याशी रंजीता विश्वास को 93 तथा गोमती निषाद को 38 मत मिले। इस तरह कांग्रेस प्रत्याशी ने स्पष्ट बढ़त के साथ वार्ड-09 की सीट अपने नाम कर ली। जीत की घोषणा के बाद कांग्रेस समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों और डीजे के साथ नगर में विजय रैली निकाली। इस जीत के साथ 15 वार्डों वाली पखांजूर नगर पंचायत में कांग्रेस की स्थिति मजबूत हुई है।*

## भारतमाला सड़क निर्माण के ओवरलोड व बेकाबू ट्रकों से बासनवाही में बढ़ा खतरा

ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही

भारतमाला परियोजना के तहत चल रहे राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण कार्य ने बासनवाही के ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। सड़क निर्माण में लगी निर्माण कंपनी के ओवरलोड और तेज रफ्तार ट्रक अब ग्रामीणों के लिए भय का कारण बन गए हैं। सड़क पर गिरते पत्थर, उड़ती धूल और यातायात नियमों की अनदेखी से क्षेत्र में हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायतों के बावजूद प्रशासन और परिवहन विभाग कोई ठोस कार्रवाई नहीं कर रहे हैं।

ग्रामीणों के अनुसार निर्माण कार्य में लगे हाइवा और ट्रक बिना तिरपाल ढके मिट्टी, गिट्टी और बड़े-बड़े बोल्डर लेकर तेज गति से गांव के मुख्य मार्ग से गुजरते हैं। इस दौरान कई बार पत्थर और मलबा सड़क पर गिर जाता है, जिससे राहगीरों और वाहन चालकों को जान जोखिम में डालकर सफर करना पड़ता है। ▶▶| शेष पेज 10 पर

### ओवरलोड वाहनों पर कार्रवाई की माँग

*ग्रामीणों ने मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ट्रकों में तिरपाल लगाना अनिवार्य किया जाए, गति सीमा निर्धारित हो तथा सड़क पर बिखरे मलबे की नियमित सफाई कराई जाए। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो चक्काजाम और उग्र आंदोलन किया जाएगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।*

## मोबाइल हैक कर बैंक खाते से 1.96 लाख की ऑनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

शहर के एमजी वार्ड निवासी एक व्यक्ति के बैंक खाते से मोबाइल हैक कर करीब 1.96 लाख रुपएं की ऑनलाइन ठगी किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर कांकेर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एमजी वार्ड निवासी 36 वर्षीय संजय कुमार साहू ने शिकायत दर्ज कराई है कि उनका बैंक ऑफ बड़ौदा कांकेर शाखा में खाता संचालित है। उन्होंने बताया कि 22 मई को वे काम के सिलसिले में सिंगारभाट गए थे। इस दौरान उनका मोबाइल फोन चार्जिंग पर लगा था। उसी समय मोबाइल बिना किसी हस्तक्षेप के स्वतः सिस्टम अपडेट होने लगा और कुछ देर बाद रिस्टार्ट हो गया। उस समय मोबाइल सामान्य रूप से कार्य करता हुआ प्रतीत हुआ। इसके बाद 23 मई को दोपहर करीब 1 से 2 बजे के बीच मोबाइल फिर से अपने आप सिस्टम अपडेट होने लगा और रिस्टार्ट हो गया।

मोबाइल चालू होने पर व्हाट्सएप, फोनपे, फेसबुक सहित कई एप्लिकेशन डिलीट मिले। उन्होंने दोबारा प्ले स्टोर से एप डाउनलोड कर लिए, लेकिन घटना को गंभीरता से नहीं लिया। 25 मई को ऑनलाइन बैंक खाता जांचने पर राशि कम दिखाई देने पर उन्होंने 26 मई को बैंक ऑफ बड़ौदा शाखा पहुंचकर जानकारी ली। बैंक से प्राप्त खाते के विवरण के अनुसार 22 मई को दोपहर 12 बजकर 47 मिनट पर खाते से 97 हजार 500 रुपएं तथा 23 मई को दोपहर 2 बजकर 01 मिनट पर 98 हजार 502 रुपये निकाले गए थे। इस प्रकार कुल 1 लाख 96 हजार 2 रुपएं की ऑनलाइन निकासी हुई। ▶▶| शेष पेज 10 पर



### हेलीपेड प्रीमियर लीग शुरू विजेता को मिलेंगे 50 हजार

**पखांजूर।** परलकोट क्षेत्र में क्रिकेट प्रेमियों के लिए बहुप्रतीक्षित हेलीपेड प्रीमियर लीग का शुभारंभ हो गया है। आईपीएल की तर्ज पर आयोजित इस प्रतियोगिता में 16 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के लिए 160 खिलाड़ियों की नीलामी कर टीमों का गठन किया गया। प्रत्येक टीम को 3 लाख पॉइंट दिए गए थे, जिनके आधार पर खिलाड़ियों की बोली लगाई गई। प्रतियोगिता का उद्देश्य क्षेत्रीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। विजेता टीम को 50 हजार नगद पुरस्कार दिया जाएगा। उद्घाटन मैच में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

## खरीफ सीजन की तैयारी जारी किसानों को मानसून की प्रतीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गूकोंदल

आसमान में उमड़ते-घुमड़ते बादलों और मानसून की दस्तक की आहट के बीच दुर्गूकोंदल अंचल के किसानों की उम्मीदें भी परवान चढ़ने लगी हैं। खेती-किसानी पर आधारित इस क्षेत्र में इन दिनों खेतों में रौनक लौट आई है। किसान खरीफ सीजन की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं, ताकि पहली अच्छी बारिश होते ही बोआई का कार्य शुरू किया जा सके।

अंचल के अधिकांश किसान धान की खेती पर निर्भर हैं, यही वजह है कि मानसून से पहले खेतों की साफ-सफाई, मेड़ों की मरम्मत, कृषि



खेती-किसानी की तैयारी में खेतों में रौनक बढ़ी

उपकरणों और भूमि समतलीकरण की तैयारी का कार्य तेजी से किया जा रहा है। गांव-गांव में किसान अपने खेतों को संवारने में लगे हुए हैं। इसके साथ ही खाद और बीज का भंडारण भी किया जा रहा है, जिससे बारिश शुरू होने के बाद किसी प्रकार की परेशानी न हो। किसानों का मानना है कि खरीफ सीजन उनकी सालभर की आजीविका का आधार होता है। अच्छी वर्षा होने पर न केवल धान का उत्पादन बढ़ता है, बल्कि किसानों की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। क्षेत्र में धान के अलावा मक्का, दलहन और अन्य फसलें भी बोई जाती हैं, लेकिन धान आज भी किसानों की पहली पसंद और मुख्य फसल बनी हुई है। स्थानीय किसान परदेसी राम मंडावी, प्रभुराम, रेखलाल विश्वकर्मा, जगनूराम मंडावी, महेश कुमार, महादेव और सुदेश कुमार ने बताया कि खेती पूरी तरह बारिश पर निर्भर है। इसलिए सभी किसान समय पर मानसून आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## महिला को बातों में उलझाकर छीनी माला सफेद कार में सवार होकर भागे आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जिले के दुर्गुकोंदल थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े झपटमारी की एक घटना सामने आई है। महुआ दारू का पता पूछने के बहाने एक महिला के गले से माला छीनकर कार सवार चार आरोपी फरार हो गए। घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात तीन युवकों और एक युवती के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम घोटिया बढ़ईपारा निवासी 47 वर्षीय कुमारी बाई साहू पति त्रिभुवनलाल साहू 3 जून की दोपहर अपने खेत में काम करने के बाद घर लौट रही थीं। दोपहर करीब 1.30 बजे जब वह विक्रमगंज मुख्य मार्ग पर अस्सी राम दर्रो के घर के पास पहुंचीं, तभी दुर्गुकोंदल की ओर से आ रही एक सफेद रंग की छोटी कार उनके पास आकर रुकी। कार में तीन युवक और एक युवती सवार थे। इनमें से एक




युवक वाहन से उतरकर महिला के पास आया और गांव में महुआ दारू कहां मिलेगी, इसकी जानकारी पूछने लगा। महिला के अनुसार बातचीत के दौरान युवक ने अचानक उनके गले में पहनी बाजारू माला, जिसकी कीमत लगभग 500 रुपये बताई गई है, झटके से खींच ली और तेजी से कार में बैठ गया। इसके बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद महिला ने शोर मचाते हुए मदद की गुहार लगाई, लेकिन तब तक आरोपी आंखों से ओझल हो चुके थे। पीड़िता ने बताया कि घटना के समय पीछे से आ रही एक अन्य छोटी कार भी वहां रुकी थी। ▶▶| शेष पेज 10 पर

## तेंदूपत्ता बना संग्राहकों की उम्मीद को सहारा

# 92 हजार तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा 100 करोड़ पारिश्रमिक

कांकेर जिले के जंगलों से इस वर्ष खुशहाली की नई कहानी निकलकर सामने आई है। अनुकूल मौसम, संग्राहकों की मेहनत और बेहतर प्रबंधन के चलते तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2026 उम्मीदों से कहीं बेहतर साबित हुआ है। जिले के तीनों वनमंडलों में संग्रहण कार्य सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है और अब गोदामों में तेंदूपत्तों के भंडारण का कार्य अंतिम चरण में है। खास बात यह है कि इस बार उच्च गुणवत्ता के तेंदूपत्ते संग्रहित हुए हैं, जिससे राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर मूल्य मिलने की संभावना बढ़ गई है। इसका सीधा लाभ जिले के हजारों वनवासी और संग्राहक परिवारों को मिलेगा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जानकारी के अनुसार कांकेर वनमंडल, पूर्व भानुप्रतापपुर और पश्चिम भानुप्रतापपुर वनमंडलों में तेंदूपत्ता संग्रहण का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। जिले के लिए कुल 2 लाख 23 हजार 300 मानक बोरा संग्रहण का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसके विरुद्ध अब तक 1 लाख 81 हजार 992.745 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहित किया जा चुका है। यह निर्धारित लक्ष्य का लगभग 80 प्रतिशत है। इस उपलब्धि के पीछे जिले के 92 हजार 693 संग्राहकों की कड़ी मेहनत रही है। जंगलों में कठिन परिस्थितियों के बीच कार्य करते हुए इन संग्राहकों ने लक्ष्य प्राप्ति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संग्रहण के बाद अब पारिश्रमिक भुगतान की प्रक्रिया भी जारी है। संग्राहकों को कुल 100 करोड़ 9 लाख 60 हजार 98 रुपये से अधिक की राशि पारिश्रमिक के रूप में प्रदान की जा रही है, जिससे ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को नई मजबूती मिलेगी।

### संग्राहकों के चेहरों पर लौटी मुस्कान हरे सोने से आएगी खुशहाली



### उच्च गुणवत्ता के कारण बेहतर दाम की उम्मीद

*कांकेर वनवृत्त के मुख्य वन संरक्षक राजेश चंदेले, कांकेर वनमंडलाधिकारी रौनक गोयल, पूर्व वनमंडल भानुप्रतापपुर के डीएफओ ऋषभ जैन तथा पश्चिम वनमंडल भानुप्रतापपुर के डीएफओ नवीन के अनुसार इस वर्ष मौसम अनुकूल रहने से उच्च गुणवत्ता वाले तेंदूपत्तों का संग्रहण और सुरक्षित भंडारण संभव हो पाया है। इससे आगामी विक्रय प्रक्रिया में बेहतर मूल्य मिलने की संभावना है।*

### राष्ट्रीय स्तर पर होगी ऑनलाइन निविदा

*भंडारण कार्य पूरा होने के बाद छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ मुख्यालय रायपुर द्वारा तेंदूपत्तों के लॉट तैयार किए जाएंगे। इसके पश्चात राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन निविदा के माध्यम से विक्रय प्रक्रिया संपन्न होगी। अधिकारियों को उम्मीद है कि बेहतर गुणवत्ता और बाजार में मांग के चलते इस वर्ष तेंदूपत्ता विक्रय से राज्य को उल्लेखनीय राजस्व प्राप्त होगा, वहीं हजारों संग्राहक परिवारों की आर्थिक स्थिति भी और मजबूत होगी।*

## खबर संक्षेप

### सर्पदंश से मौत, वारिस को मिली चार लाख की आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा राहत प्रावधानों के तहत पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता स्वीकृत की है। केशकाल तहसील के ग्राम पीपरा निवासी फरसूराम की सर्पदंश सांप के काटने से मृत्यु हो गई थी, जिसके बाद प्रकरण को प्राकृतिक आपदा श्रेणी में शामिल किया गया। राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत मृतक की पत्नी सुगन्तीन बाई के पक्ष में 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है। कलेक्टर कार्यालय ने संबंधित तहसीलदार को स्वीकृत सहायता राशि लाभार्थी के बैंक खाते में शीघ्र हस्तांतरित करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित परिवारों को नियमानुसार त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है।

### संजय बाजार की 15 दुकानों को किया सील



**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम ने दुकानों का किराया लंबे समय से जमा नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को संजय बाजार की 15 दुकानों को सील किया गया। साथ ही बकाया किराये के रूप में 1 लाख 42 हजार 640 रुपये की वसूली भी की गई। निगम के अनुसार लगभग 60 दुकानों पर करीब 40 लाख रुपये का किराया बकाया है। कई दुकानदारों को नोटिस दिए जाने के बावजूद वर्षों से राशि जमा नहीं की जा रही है। आयुक्त के निर्देश पर राजस्व विभाग ने सीलिंग अभियान चलाया और बकायादारों पर भी कार्रवाई करेगा। अभियान में मीनाक्षी नाग, आरआई राकेश यादव , हरिद्वार मिश्रा, मुन्ना नायक सहित राजस्व विभाग के कर्मचारी शामिल रहे।

### नाले में गिरी महिला की हुई शिनाख्त

**बचेली।** पुलिस की चार दिनों की मशक्कत के बाद सिम्प्लेक्स नाले में मिले अज्ञात महिला के शव की शिनाख्त हो गई है। मृतिका की पहचान ग्राम नेरली माहरापारा निवासी कमली कुंजाम के रूप में की गई है। अत्यधिक शराब पीने के कारण नाला पार करते समय डूबने से महिला की मौत होने की आशंका जताई जा रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 30 मई को मोबाइल के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली थी कि लुनिया खदान के पास सिम्प्लेक्स नाले में एक महिला का शव पड़ा है। सूचना पर बचेली पुलिस ने धारा 194 बीएनएसएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।

## परिणाम : नगर पंचायत के दो वार्डों में हुआ उपचुनाव

# फरसगांव उपचुनाव में कांटे की टक्कर कांग्रेस-भाजपा ने जीती एक-एक सीट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 01 महात्मा गांधी एवं वार्ड क्रमांक 12 जय बुढ़ादेव में हुए उपचुनाव के नतीजों ने स्थानीय राजनीति में रोचक संदेश दिया है। दोनों वार्डों में मुकाबला बेहद करीबी रहा और कांग्रेस-भाजपा को एक-एक सीट पर जीत मिली। वार्ड-01 में कांग्रेस प्रत्याशी उमेश सोना ने भाजपा के प्रेम नाग को मात्र 2 मतों से हराया, जबकि वार्ड-12 में भाजपा की युवा प्रत्याशी छबीला नेताम ने कांग्रेस की पूर्व पार्षद सावित्री मरकाम को 5 मतों से पराजित किया। निर्वाचन अधिकारी अश्वन कुमार पुसाम ने मतगणना के बाद दोनों विजयी प्रत्याशियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया। वार्ड क्रमांक 01 का उपचुनाव पूर्व पार्षद स्वर्गीय राजेश सोना के निधन के बाद कराया गया था। राजेश सोना लगातार तीन बार इस वार्ड से पार्षद चुने गए थे और क्षेत्र में उनकी मजबूत पकड़ थी। कांग्रेस ने उनके छोटे भाई उमेश सोना को प्रत्याशी बनाया, जिन्हें जनता की सहानुभूति और परिवार की राजनीतिक विरासत का लाभ मिला। उमेश सोना को 141 मत मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी प्रेम नाग 139 मतों पर सिमट गए। बेहद करीबी मुकाबले में उमेश सोना ने 2 मतों से जीत दर्ज की।

- वार्ड-01 से उमेश सोना ने 2 वोट से मारी बाजी
- वार्ड-12 में नए चेहरे छबीला नेताम की 5 वोट से जीत




### वार्ड-01 में नोटा के 4 वोट भी बने चर्चा का विषय

वार्ड क्रमांक 01 के चुनाव परिणाम में नोटा को मिले 4 मत भी चर्चा का विषय बने रहे। इस वार्ड में कांग्रेस प्रत्याशी उमेश सोना ने भाजपा के प्रेम नाग को मात्र 2 मतों के अंतर से हराया। ऐसे में राजनीतिक गलियारों में यह चर्चा रही कि यदि नोटा पर पड़े चार मत किसी एक प्रत्याशी के पक्ष में जाते, तो चुनावी समीकरण और परिणाम दोनों अलग हो सकते थे।

### कड़ी सुरक्षा और सुदृढ़ व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण रहा मतदान

उपचुनाव की मतदान प्रक्रिया से लेकर मतगणना तक प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए थे। मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतपेटियों को कड़ी सुरक्षा के बीच स्ट्रांग रूम में रखा गया था, जहां पुलिस बल की चौबीसों घंटे निगरानी रही। मतगणना के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही और किसी प्रकार की अप्रिय घटना सामने नहीं आई।

### पूर्व पार्षद पर भारी पड़ा भाजपा का नया चेहरा

वार्ड क्रमांक 12 में भाजपा ने युवा प्रत्याशी छबीला नेताम को मैदान में उतारा था। उनके सामने कांग्रेस की अनुभवी नेता एवं पूर्व पार्षद सावित्री मरकाम थीं। कड़े मुकाबले में छबीला नेताम ने 129 वोट हासिल कर 124 वोट पाने वाली सावित्री मरकाम को 5 मतों से मात दी। इस जीत को भाजपा के लिए युवा नेतृत्व पर जनता के भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। वार्ड क्रमांक 12 में यह उपचुनाव कांग्रेस की पूर्व पार्षद स्वर्गीय सुशीला मरकाम के निधन के बाद रिक्त हुई सीट पर कराया गया था।

### दोनों पार्टियों ने मनाया जीत का जश्न

भाजपा ने विजयी प्रत्याशी के साथ नगर में विजयी रैली निकाली, प्रत्याशी सुश्री छबीला नेताम ने जीत के बाद शिव मंदिर पहुँच भगवान भोलेनाथ का आशीर्वाद लिया। भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य प्रवीर सिंह बदेशा, मंडल प्रभारी जितेंद्र सुराना, नपं अध्यक्ष प्रशांत पात्र. उपाध्यक्ष मूलचंद पांडे, मंडल अध्यक्ष धनराज पांडे, महामंत्री प्रवीण राव, उपाध्यक्ष प्रवीण पाण्डे, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष गणेश दुग्गा, पूर्व जनपद उपाध्यक्ष सुखलाल मरकाम, दिपेन्द्र मशीह, पार्षद शैल सेठिया, राजकुमारी नेताम, संगीता राव, विनोद पाण्डे, नरेंद्र गौर समेत अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता बीजेपी कार्यालय पहुंच जीत की खुशी मनाए। वहीं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भी जिला कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष रवि घोष के निवास पर एकत्र होकर ढोल-नगाड़ों के साथ अपनी जीत का जश्न मनाया।

## घायल बेटे का उपचार कराने गई थी मां, तभी चोरों ने वारदात को दिया अजांम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बोधघाट थाना क्षेत्र के करकापाल स्कूलपारा में चोरों ने सूने घर को निशाना बनाते हुए हजारों रूपए नकद व सोने के जेवरात समेत सवा लाख की संपति पार कर दी। घटना को उस समय अजांम दिया गया जब महिला अपने घायल बेटे का उपचार कराने अस्पताल लेकर गई थी। मामले की रिपोर्ट दर्ज कर बोधघाट पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है।

मामले की रिपोर्ट दर्ज कराते हुए प्रार्थिया सुमित्रा पाण्डे ने बताया कि वह करकापाल में अपने बेटे के साथ रहती है और पति सुभाष वार्ड स्थित पुराने मकान में रहते है। सप्ताह भर पूर्व उसका बेटा पूनालाल पाण्डे आम पेड़ से गिरकर घायल हो गया था। घायल बेटे को उपचार के लिए महारानी अस्पताल में भर्ती कराई थी। 29 मई की दोपहर अस्पताल से घर आने पर घर के सामने के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर पूरा सामान बिखरा हुआ मिला वहीं आलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ मिला। अज्ञात चोरों ने आलमारी में रखा सोने का मंगलसूत्र, सोने व चांदी का सिक्का तथा नगद 10 हजार रूपए समेत 1 लाख 25 हजार रूपए की संपति चोरी कर लिया था।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला, चोरों की तलाश शुरू

*पीड़िता ने आसपास के लोगों को घटना की जानकारी देकर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। प्रार्थिया की रिपोर्ट पर बोधघाट पुलिस बीएनएस की धारा 331 (4),305 के तहत मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस द्वारा घटनास्थल के आसपास के लोगों से पूछताछ की गई है वहीं पुराने हिस्ट्रीशीटर व चोरी के मामले में सलिंप्त आरोपियों की भी पतासाजी कर रही है।*

## पंडरी तराई तालाब का होगा कायाकल्प, बनेंगे सुंदर घाट



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहर के छत्रपती शिवाजी वार्ड क्रमांक 35 में वर्षों से बदहाली का दंश झेल रहे पंडरी तराई तालाब की तस्वीर अब बदल रही है। शहर के महापौर संजय पांडेय की पहल पर तालाब के सौंदर्यकरण का काम शुरू कर दिया गया है, जिससे यह क्षेत्र जल्द ही लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकता है। महापौर ने बताया कि योजना के तहत इस तालाब में रिटर्निंग वॉल का निर्माण किया जाएगा, वहीं श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छठ घाट भी विकसित किया जाएगा। इसके अलावा तालाब के किनारे बाउंड्री के साथ फुटपाथ तैयार किया जा रहा है, ताकि लोग सुरक्षित रूप से टहल सकें। रात के समय भी तालाब क्षेत्र आकर्षक और सुरक्षित बना रहे, इसके लिए पूरे परिसर में चारों ओर लाइटिंग की व्यवस्था की जाएगी। स्थानीय लोगों का मानना है कि लंबे समय से उपेक्षित इस तालाब का विकास न केवल क्षेत्र की सुंदरता बढ़ाएगा, बल्कि यह शहरवासियों के लिए एक बेहतर सार्वजनिक स्थल के रूप में भी उभरेगा। महापौर ने बताया कि इसके अलावा दलपत सागर का जलकुंभी को हटाया जा रहा है और गंगामुंडा तालाब का भी सफाई की जाएगी। पंडरी तराई तालाब में महापौर के साथ सभापति खेमसिंह देवांगन, पार्षद संग्राम सिंह राणा, राणा घोष, सुरेश गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, निर्मल पानीग्राही आदि शामिल रहे।

## शिक्षक आत्महत्या का मामला: फरार आरोपियों पर 10 हजार का इनाम घोषित

**जगदलपुर।** बीजापुर जिले के शिक्षक राजू पुजारी आत्महत्या मामले में फरार सब इंजीनियर शैलेष वासम व सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा छवितेष डोंगरे की तलाश तेज कर दी गई है। एसपी डॉ. जितेन्द्र यादव द्वारा आरोपियों की गिरफ्तारी में मदद करने वाली सूचना पर 10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। गौरतलब है कि 22 अप्रैल को शिक्षक राजू पुजारी ने आत्महत्या कर ली थी। पुलिस जांच के दौरान मृतक शिक्षक राजू पुजारी के पास से मिले सुसाइड नोट में कुछ लोगों को अपनी मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया था। जांच के बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर कार्रवाई शुरू की। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका है। वहीं फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए जिला मुख्यालय में बड़ी संख्या में लोगों ने रैली निकालकर प्रदर्शन किया था। इस मामले में सब इंजीनियर शैलेष वासम और समग्र शिक्षा विभाग के सहायक परियोजना समन्वयक छवितश डोंगरे अभी भी फरार हैं। फरार आरोपी शैलेष वासम के खिलाफ कोतवाली पुलिस ने नोटिस जारी कर निर्धारित अवधि के भीतर थाने में उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।



### पंचनामा के दौरान मिला था सुसाइड नोट

पुलिस को शव पंचनामा के दौरान मृतक के पास से सुसाइड नोट मिला था। जिसमें मृतक ने अपनी मौत का जिम्मेदार ठेकेदार देवाशिष, सब इंजीनियर शैलेष वासम व सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा जिला बीजापुर के अधिकारी छवितेष डोंगरे को बताया था। इस मामले में ठेकेदार देवाशिष मण्डल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा चुका है। वहीं घटना के बाद से फरार सब इंजीनियर शैलेष वासम 45 वर्ष निवासी मिनी स्टेडियम के पिछे ब्लॉक पारा बीजापुर व सहायक परियोजना समन्वयक समग्र शिक्षा जिला बीजापुर के अधिकारी छवितेष डोंगरे 46 वर्ष निवासी शंकर नगर दुर्ग थाना मोहन नगर जिला दुर्ग हाल जीएडी कालोनी बीजापुर की तलाश की जा रही है।

## पेज 9 के शेष

### भारतमाला सड़क निर्माण...

हाल ही में सड़क पर गिरे एक बड़े पत्थर के कारण एक बाइक सवार दुर्घटना का शिकार होते-होते बच गया। स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और पैदल चलने वालों के लिए यह मार्ग अब खतरे का पर्याय बनता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि रोजाना दर्जनों हाइवा बासनवाही बाजार चौक से होकर गुजरते हैं। वाहनों से उड़ने वाली धूल के कारण आसपास के दुकानदारों और रहवासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि निर्माण कंपनी को कम से कम दिन में तीन बार सड़क पर पानी का छिड़काव करना चाहिए, लेकिन इस ओर भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय प्रशासन, पुलिस और परिवहन विभाग को कई बार शिकायत दी गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। इससे लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

### मोबाइल हैक कर बैंक...

शिकायतकर्ता का आरोप है कि किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनका मोबाइल हैक कर बैंक खाते से ऑनलाइन ट्रांजेक्शन के माध्यम से राशि निकाल ली। मामले में कांकेर थाना पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

### खरीफ सीजन की तैयारी...

उनका कहना है कि यदि इस वर्ष पर्याप्त और नियमित वर्षा हुई तो फसलों की बुवाई समय पर होगी और उत्पादन भी बेहतर मिलेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों कृषि गतिविधियां तेज हो गई हैं। सुबह से शाम तक खेतों में किसानों की चहल-पहल देखी जा सकती है। कृषि विशेषज्ञ भी किसानों को समय पर बुवाई करने, प्रमाणित बीजों का उपयोग करने तथा उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाने की सलाह दे रहे हैं, ताकि उत्पादन और आय दोनों में वृद्धि हो सके। मानसून के आगमन का इंतजार कर रहे दुर्गूकोंदल अंचल के किसानों के चेहरों पर उम्मीद और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। किसानों को विश्वास है कि इस वर्ष अच्छी बारिश उनकी मेहनत को सफल बनाएगी और खरीफ सीजन खुशहाली लेकर आएगा।

### महिला को बातों में उलझाकर...

उस वाहन चालक ने स्वयं को पखांजूर का पत्रकार बताया था। महिला ने पुलिस को दिए बयान में कहा है कि यदि आरोपियों को सामने लाया जाए तो वह उनकी पहचान कर सकती है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात तीन युवकों एवं एक युवती के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा 3 (5), 304 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में आरोपियों की तलाश कर रही है तथा घटना से जुड़े संभावित सुराग जुटाए जा रहे हैं।

## लकवा पीड़ित मोहनी को मिली व्हीलचेयर

**कोण्डागांव ।** समाज सेवा और मानवीय संवेदनाओं का एक प्रेरणादायक उदाहरण उस समय देखने को मिला जब बाबा साहेब सेवा संस्था ने जिला प्रशासन एवं समाज कल्याण विभाग के सहयोग से महात्मा गांधी वार्ड निवासी लकवा ग्रसित श्रीमती मोहिनी मानिकपुरी को व्हीलचेयर उपलब्ध कराई। इससे उन्हें दैनिक जीवन की गतिविधियों में काफी सुविधा मिलेगी और आवागमन में आने वाली कठिनाइयों से राहत मिलेगी। लंबे समय से शारीरिक अस्वस्थता के कारण श्रीमती मोहिनी मानिकपुरी को चलने–फिरने में कठिनाई हो रही थी। उनकी स्थिति की जानकारी मिलने पर बाबा साहेब सेवा संस्था ने पहल करते हुए जिला प्रशासन और समाज कल्याण विभाग से समन्वय स्थापित किया और व्हीलचेयर उपलब्ध कराई। संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि समाज के कमजोर, असहाय और जरूरतमंद लोगों की सहायता करना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। ऐसे प्रयास समाज में सेवा, सहयोग और संवेदनशीलता की भावना को मजबूत करते हैं तथा अन्य लोगों को भी सामाजिक कायोंर् के लिए प्रेरित करते हैं। व्हीलचेयर वितरण के अवसर पर संस्था के संरक्षक पंचू सागर, अध्यक्ष भुवनलाल मार्कंडेय, बामसेफ अध्यक्ष मन्नाराम नेताम, सामाजिक कार्यकर्ता शैलेश शुक्ला, छत्तीसगढ़ मजदूर शक्ति संघ के अध्यक्ष संजय लाला, हितेंद्र श्रीवास, ओमप्रकाश नाग, देवानंद चौरे, मुकेश मार्कंडेय, राजेंद्र मानिकपुरी सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।



## शैक्षणिक भ्रमण में छात्र-छात्राएं विज्ञान व संस्कृति से हुए रूबरू

**बीजापुर।** जिला प्रशासन बीजापुर व दंतेवाड़ा के आपसी समन्वय व सौजन्य से जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को भ्रमण से अधिकतम ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने दंतेवाड़ा साइंस सेंटर, माँ दंतेश्वरी मंदिर तथा वन मंदिर का अवलोकन व दर्शन किया। साइंस सेंटर में विद्यार्थियों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी से संबंधित विभिन्न मॉडलों, प्रदर्शनों तथा वैज्ञानिक अवधारणाओं को प्रत्यक्ष रूप से देखा और समझा। अंतरिक्ष विज्ञान, मानव विकास, रोबोटिक्स तथा अन्य वैज्ञानिक विषयों पर आधारित प्रदर्शनों ने विद्यार्थियों में विशेष उत्साह उत्पन्न किया।




माँ दंतेश्वरी मंदिर के दर्शन के माध्यम से विद्यार्थियों को क्षेत्र की समृद्ध धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत से परिचित होने का अवसर प्राप्त हुआ। वहीं वन मंदिर भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने प्रकृति संरक्षण, जैव विविधता तथा पर्यावरणीय संतुलन के महत्व को समझा।

इस भ्रमण में शामिल अधिकांश विद्यार्थी ग्रामीण पृष्ठभूमि से थे। उनके लिए यह यात्रा अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुई। विद्यार्थियों ने विज्ञान, संस्कृति एवं पर्यावरण से संबंधित अनेक नई जानकारियाँ प्राप्त कीं। इस प्रकार के शैक्षणिक भ्रमण विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, जिज्ञासा बढ़ाने तथा व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे अवसर ग्रामीण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

## पर्यावरण प्रेमी के योगदान का मिल रहा लाभ...

**करपावण्ड।** करीब 34 साल पहले बकावण्ड ब्लाक के करपावण्ड बाजार स्थल पर एक पौधा रोप कर पर्यावरण प्रेमी विरेन्द्र गुप्ता ने उसका संरक्षण कर वृक्ष बनते तक ध्यान रखा। यही कारण है कि उनके द्वारा लगाया गया पौधा आज एक विशाल वृक्ष बनकर सैकड़ों लोगों को छाया देकर राहत प्रदान कर रहा है। 1992 में नवरात्र के समय देवी दुर्गा की स्थापना की गई थी, उसी समय उनके मन में विचार आया कि पर्यावरण को स्वच्छ रखने के लिए पौधे लगाना जरूरी है। उन्होंने हर वर्ष पेड़ लगाया और कई पेड़ों से लोगों को राहत मिल रही है। गुरूवार को साप्ताहिक बाजार के दिन इसी पेड़ के नीचे गांव की महिलाएं बैठकर साग–सब्जी बेचती है और छांव का उन्हें लाभ मिलता है।



## किसानों की मजबूरी का फायदा उठा रहे बिचौलिए : शिवसेना

**जगदलपुर।** शिवसेना ने आरोप लगाया कि किसानों की मजबूरी का फायदा उठाकर कुछ लोग खाद-बीज की कालाबाजारी करते हैं। कालाबाजारी रोकने एवं खाद बीज की उपलब्धता सुनिशित हो जिसके लिए जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा गया। शिवसेना के प्रदेश प्रमुख धनंजय सिंह परिहार के आह्वान पर किसान सेना के प्रदेश अध्यक्ष राकेश श्रीवास्तव और प्रदेश सचिव कमल सोनी के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में किसानों के हित में आंदोलन चलाया जा रहा है। इसी क्रम में शिवसेना ने किसानों की समस्या को लेकर जिलाधीश को ज्ञापन सौंपा। जिला अध्यक्ष राजेश कुकडे ने कहा कि जिले की शासकीय सोसायटियों में तत्काल पर्याप्त मात्रा में खाद और बीज उपलब्ध कराया जाए, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। जिलाध्यक्ष ने बताया कि पिछले वर्ष पर्याप्त मात्रा में खाद-बीज उपलब्ध नहीं होने के कारण किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा था। खाद 3 से 4 गुना अधिक कीमत पर खरीदना पड़ा था। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष के साथ जिला उपाध्यक्ष अर्जुन संगवानी, जिला प्रवक्ता रवि ठाकुर, नगर अध्यक्ष निर्मल साहू, जिला सचिव राजू साहू, नगर सचिव राजीव गांधी, हीरालाल सिंह बघेल, कमल, पवन नाग सहित पदाधिकारी एवं शिवसैनिक शामिल रहे। शिवसैनिकों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है कि निजी दुकानों में खाद और बीज के निर्धारित दाम का बोर्ड अनिवार्य रूप से लगाया जाए, ताकि किसानों को उचित मूल्य पर सामग्री मिल सके।

**न्यायालय नजूल अधिकारी कांकेर,**
**जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छ.ग.)**
रा.प्र.क्र./202605140400015/अ-6/2025-26

**उद्घोषणा**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती निधि देवी संचेती पति संतोष संचेती निवासी आमापारा कांकेर के द्वारा मोहल्ला आमापारा कांकेर में स्थित भूमि शीट नं. 12 ए. प्लाट नं. 41/3, क्षेत्रफल 107 व.मी., पक्का मकान, भू भाटक 29.40 रु. देवेन्द्र गुप्ता, संतोष, राकेश, श्रीमति किरण, श्रीमति काजल पिता मिश्रीलाल गुप्ता, आदर्श, आयुष पिता दीपक, आरती पति दीपक गुप्ता नि. कांकेर नजूल अभिलेख में दर्ज है। आवेदिका व्दारा उक्त भूमि को विक्रय मूल्य कीमती 35,41,000.00 रु. (पैतीस लाख इकचालीस हजार रु.) क्रय कर दिनांक 10.10.2025 को जिला पंजीयक कार्यालय कांकेर में पंजीयन कराने का उल्लेख करते हुये विक्रेतागण का नाम नजूल अभिलेख से विलोपित कर क्रेता का नाम दर्ज किये जाने विक्रय पत्र की छायाप्रति के साथ छ.ग. भू राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः इस संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था, निकाय आदि को कोई दावा आपत्ति हो तो न्यायालयीन अवधि में इस उद्घोषणा के नगर / मोहल्ले में चस्पा के 15 दिवस के भीतर स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा / आपत्ति पर सुनवाई नहीं की जावेगी।

आज दिनांक 03/06/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

**नजूल अधिकारी**
**उत्तर बस्तर कांकेर**

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)
मो. 9981321524 / 7223011528

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## खेत बचाओ अभियान 30 जून तक चलाया जाएगा

**बीजापुर।** बीजापुर जिले में खेती को अधिक टिकाऊ का लागत वाली और पर्यावरण अनुकूल बनाने के उद्देश्य से खेत बचाओ अभियान की शुरुआत हो चुकी है। कृषि विभाग की टीम गांव-गांव पहुंचकर किसानों को मिटटी की बिगड़ती सेहत, रासायनिक उर्वरको के बढ़ते उपयोग, कृषि जैव विविधता के संरक्षण और प्राकृतिक खेती के महत्व के बारे में जागरुक कर रही है। 1 जून से 30 जून तक इस अभियान के तहत जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में किसान संगोष्ठियों और जनजागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। बीजापुर जिला पूर्णतः कृषि पर आधारित है। ऐसे में कृषि भूमि की उर्वरता बनाए रखना और खेती को भविष्य के लिए सुरक्षित करना सबसे बड़ी प्राथमिकता है। लगातार रासायनिक उर्वरकों और कृषि दवाओं के उपयोग से मिटटी की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है जिसका असर उत्पादन के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य पर भी पड़ रहा है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए किसानों को प्राकृतिक और जैविक खेती की ओर प्रेषित करने के लिए यह विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

### नगर सत्ता में रहकर भी पार्षद नहीं जीता पाए, कांग्रेस नेताओं की एकजुटता से भाजपा हुई पस्त

# उपचुनाव के परिणाम ने गुटबाजी और स्वार्थ की राजनीति की खोली पोल

सुरेश रावल ▶▶| जगदलपुर

शहर के एकमात्र वार्ड में हुए उपचुनाव ने दोनों दल भाजपा और कांग्रेस को भावी राजनीति और रणनीति के हिसाब से सोचने पर मजबूर कर दिया

है। प्रदेश की सत्ता हाथ से निकलने के बाद कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं की स्थिति ठीक नहीं थी। वहीं सत्ता में आने के बाद भाजपा के बड़े नेता हवा में उड़ रहे थे। जितने नेता उतने गुट जैसी स्थिति बन गई है। वहीं हर नेताओं के अपने अपने कार्यकर्ता बन गए हैं। यहीं





■ **प्रत्याशी चयन में चूक का भुगतना पड़ा खामियाजा**

कारण है कि गुटबाजी और स्वार्थ की राजनीति ने इस उपचुनाव में भाजपा को करारी शिकस्त दी। वहीं सत्ता से बाहर रहने के कारण कांग्रेस में जो निराशा और हताशा थी उसमें जान आ गई है। पार्षद को जीताकर कांग्रेसी अब आने वाले सभी चुनाव में इसी तरह एकजुट रहकर आगे बढ़ने की रणनीति में खिले हुए हैं। हालांकि गुटबाजी यहां भी है लेकिन भाजपा में सत्ता के कारण गुटबाजी के साथ मदहोशी का जो नशा है वह सिर चढ़कर बोल रहा है। यहीं कारण है कि निपटने और निपटाने का खेल भी अच्छे से खेला गया। महापौर संजय पांडेय को चुनाव संचालक बनाकर पूरी जवाबदारी सौंपी गई। ये अपने एमआईसी और पार्षद ग्रुप के अलावा कुछ चुनिंदे समर्थकों के साथ चुनाव जीतने की मुहिम में लगे रहे। हालांकि शहर के सभी बड़े नेताओं ने प्रत्याशी मनोहर के लिए वार्ड के घरों में दस्तक दी। लेकिन उसका कोई खास फायदा भाजपा को नहीं मिला। भाजपा के कई जमीनी नेता शुरू से यह कह रहे थे कि प्रत्याशी चयन में भूल की गई। कांग्रेस ने दिवंगत साथी पूर्व पार्षद रशीद खान के साथ रहने वाले रामकृष्ण तिवारी को मैदान में उतारकर माहौल काफी हद तक अपने पक्ष में कर लिया था। वहीं पूर्व में हारे प्रत्याशी मनोहर को टिकट देने से कांग्रेसी खुश रहे। वार्डवासियों ने भी बाहरी प्रत्याशी को स्वीकार नहीं किया। असल में पार्षद का चुनाव दुख सुख का साथी और हमेशा गलियों में दिखने वाले साधारण कार्यकर्ता को ही अपना समझ कर लोग भरोसा जताते है यहां भी यहीं हुआ। नगर सत्ता में रहकर वार्ड में विकास की गंगा बहाने का वादा और दावा दोनों काम नहीं आया।

### कांग्रेस में दिखी अनेकता में एकता

कांग्रेस ने वार्ड के दो बड़े नेता मिथिलेश स्वर्णकार और रेखचंद जैन को जिम्मेदारी देकर पूर्व महापौर जतीन जायसवाल को भी काम में लगा दिया। वरिष्ठ नेता उमाशंकर शुक्ल सहित शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मौर्य और पूर्व अध्यक्ष राजीव शर्मा के साथ नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी और सभी पार्षद लगातार प्रत्याशी को जीताने वार्ड में सक्रिय रहे। युवा नेताओं में विशाल खम्बारी, जावेद खान, अनवर खान, अमरनाथ सिंह, विक्रम सिंह डांगी, कमलेश पाठक और महिला नेत्रियों ने भी महिलाओं के बीच पहुंचकर भाजपा की पोल खोलने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

### हार के बाद भाजपा नेताओं ने मौन साधा

महापौर संजय पांडेय ने एक लाइन में प्रतिक्रिया में कहा कि हार की समीक्षा करेंगे। वहीं हर अवसर पर बयान देने में आगे रहने वाले भाजपा के सभी नेताओं को सांप सूंघ गया है। जो हार के सदमें से मौन रहने को ही सही मान रहे हैं।

### जातिगत गणित भी कांग्रेस के पक्ष में रहा

इंदिरा वार्ड में ब्राम्हण, मारवाड़ी और मुस्लिम की बहुलता है। इसलिए कांग्रेस ने लगातार जीत के प्रवाह को आगे ले जाने के लिए जातिगत गणित का भी पूरा फायदा उठाया। जबकि भाजपा की रणनीति प्रभावी नहीं रही। आप पार्टी ने मुस्लिम महिला प्रत्याशी को खड़ा किया जिसका फायदा तो आप पार्टी को नहीं मिला लेकिन कांग्रेस को नुकसान भी नहीं हुआ। सिर्फ 22 वोट पाकर आप प्रत्याशी जमानत नहीं बचा सकी। एक तरह से कांग्रेस के गढ़ में भाजपा की करारी हार में कई खामियां भाजपा के सामने अब आ रही है।

### पिछले चुनाव में मामूली वोट से हारे

भाजपा के कृष्णा ठाकुर ने इस बार भी टिकट की मांग की थी। उन्होंने पर्चा भी भरा था लेकिन मान मनोव्वल कर उसे बिठा दिया गया। मनोहर के साथ प्रचार में वह नजर नहीं आया। बल्कि भाजपा कार्यालय में जब उससे पूछा गया तो वह कारण गिनाते साथ नहीं देने की बात सबके सामने कह दी। ऐसे में लग रहा था कि भाजपा में सब ठीक ठाक नहीं है। बहरहाल जमीनी कार्यकर्ताओं के घर बैठ जाने और नेताओं के चापलूसी करने वाले लोगों के आगे आगे रहने से भाजपा को बड़ा नुकसान हुआ है। पार्टी की समीक्षा में सही स्थिति सामने आएगी।

# ग्रामीण विकास के लिए एनएमडीसी प्रतिबद्ध बेनपाल में कलामंच व डोमशेड का उद्घाटन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बचेली

राष्ट्रीय खनिज विकास निगम एनएमडीसी बचेली संकुल अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन और क्षेत्रीय ग्रामीणों के सतत विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। एनएमडीसी के सीएसआर एवं सिविल विभाग द्वारा ग्राम पंचायत बेनपाल में सीएसआर मद से नवनिर्मित अत्याधुनिक कलामंच और डोमशेड का उद्घाटन किया गया। इस महत्वाकांक्षी योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को उनके सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सामुदायिक कार्यक्रमों के सुचारु संपादन के लिए एक सर्वसुविधायुक्त मंच प्रदान करना है। डोमशेड के निर्माण से अब ग्रामीणों को मौसम की मार झेले बिना किसी भी प्रकार के सार्वजनिक आयोजन करने में बड़ी सहूलियत होगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में एनएमडीसी के उप-महाप्रबंधक सीएसआर, मानव संसाधन जोसी थॉमस, उप-महाप्रबंधक सिविल सीताराम डहरिया, उप-महाप्रबंधक सिविल केपी बंसोड़ तथा सहायक महाप्रबंधक सिविल अखिलेश दीवान विशेष रूप से उपस्थित रहे। अतिथियों ने फीता काटकर नवनिर्मित भवन को ग्रामीणों को समर्पित किया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत बेनपाल के जनप्रतिनिधि, वार्ड पंच, स्थानीय पटेल, कोटवार सहित भारी संख्या में आस-पास के ग्रामीण और महिलाएँ उपस्थित थीं, जिन्होंने पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ इस नई शुरुआत का स्वागत किया।



### परियोजना प्रमुख के मार्गदर्शन में हुआ निर्माण

इस पूरी कार्ययोजना का क्रियान्वयन बचेली परियोजना प्रमुख श्रीधर कोडाली के कुशल मार्गदर्शन एवं दिशा-निर्देशन में संपन्न हुआ है। ग्रामीणों ने इस सौगात के लिए एनएमडीसी प्रबंधन का आभार व्यक्त किया।

## मृतकों के परिजनों को 8 लाख की सहायता स्वीकृत

**बीजापुर।** कलेक्टर विश्वदीप द्वारा छत्तीसगढ़ शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के प्रावधानों के तहत राजस्व पुस्तक परिपत्र 6(4) के अंतर्गत प्राकृतिक आपदाओं से मृतकों के परिजनों को 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि प्रदान करने की स्वीकृति दी गई है। जिसके अंतर्गत सर्पदंश से मृत्यु के प्रकरण में मृतक ओयाम विज्जा के निकटतम वारिस उनकी पत्नि मुन्नी आयोम निवासी ग्राम तिम्मापुर तहसील उसूर को 4 लाख रुपए एवं गडढ़े के पानी में डूबने से मृतक अर्पण कुजूर के निकटतम वारिस उनके पिता मनीष कुजूर निवासी ग्राम मूसालूर तहसील बीजापुर को 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृति दी गई है। स्वीकृत राशि का भुगतान संबंधित हितग्राहियों के बैंक खाते में डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किए जाने के निर्देश संबंधित तहसीलदार को दिए गए है।

## ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक

**गीदम।** ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं जन-जागरूकता बढ़ाये जाने हेतु नगर पंचायत बारसूर क्षेत्र में स्वच्छता महा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। निकाय क्षेत्र के रहवासियों में स्त्रोत पृथक्कीकरण हेतु प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। जिसमें स्वच्छता दीदीयों द्वारा डोर-टू-डोर जाकर गीला अपशिष्ट, सूखा अपशिष्ट, सैनिटरी अपशिष्ट एवं विशेष देखभाल वाले अपशिष्ट के बारे में बताकर नागरिकों को जागरूक किया जा रहा है।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा समस्त नागरिकों को स्वच्छता में सहयोग करने हेतु अपील की है कि अपने घरों आवासीय क्षेत्रों, संस्थानों, होटलों आदि स्थानों से निकलने वाले कचरे को गीले सूखे कचरे को अलग-अलग कर स्वच्छता दीदीओं को देवें एवं खुले स्थानों, तालाबों, नालियों, सड़को, सार्वजनिक क्षेत्रों में कचरे को ना फेके, पॉलिथिन का उपयोग न करें, खुले में कचरा न जलाएँ, खुले में शौच न करे। प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करें। सिंगल यूज प्लास्टिक के स्थान पर कपड़े, कागज एवं जूट के थैलियों जैसे पर्यावरण अनुकुल विकल्पों को चुना जाए।

# हितग्राहियों को समयबद्ध लाभ पहुंचाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

जनपद पंचायत दरभा के 46 ग्राम पंचायतों के नरेगा एवं प्रधानमंत्री आवास योजना के सामाजिक अंकेक्षण से संबंधित निकासी बैठक का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) तोकापाल शंकर लाल सिन्हा की अध्यक्षता में 4 जून को किया गया। बैठक में सामाजिक अंकेक्षण के दौरान ग्राम सभाओं से प्राप्त आपत्तियों एवं सुझावों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संबंधित विभागीय अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा उनका निराकरण किया गया। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता, जवाबदेही एवं जनसहभागिता सुनिश्चित करना रहा। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी वीरेंद्र बहादुर जनपद पंचायत दरभा, कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, विकासखंड समन्वयक आवास, तकनीकी सहायक सहित समस्त ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों की उपस्थिति रही।

बैठक के दौरान अनुविभागीय अधिकारी राजस्व ने सामाजिक अंकेक्षण के निष्कर्षों के आधार पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने तथा योजनाओं के प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन हेतु आवश्यक निर्देश दिए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने योजनाओं के सफल



### ईमानदारी की मिसाल...

# बस में मिला पैसों से भरा पर्स चालक ने यात्री को लौटाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

वैसे तो यात्री बसों को लेकर नित आरोप प्रत्यारोप सामने आते रहते हैं लेकिन मलकानगिरी से सुकमा चलने वालीं गुप्ता बस के चालक, परिचालक ने ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत करते हुए राजस्थान से आए यात्री के बस में छूटे पैसों से भरे पर्स को उसके वास्तविक मालिक तक पहुंचाकर मानवता और नैतिक मूल्यों की मिसाल कायम की है।

जानकारी के अनुसार सुकमा से हैदराबाद की ओर गुप्ता बस में राजस्थान निवासी मांगीलाल गांधी यात्रा कर रहे थे, यात्रा के दौरान उक्त यात्री का पर्स बस में ही कहीं गिर गया था। हैदराबाद घर पहुंचने पर पता चला कि पर्स बस में गिर गया है, उक्त पर्स में नकद राशि सहित महत्वपूर्ण दस्तावेज मौजूद थे।

यात्री श्री गांधी ने इसकी जानकारी बस चालक ईश्वर पात्रों को दी तो उसके द्वारा बस की सीटों की जांच के दौरान चालक को पर्स मिला। चालक ने बिना किसी लालच के पर्स सुरक्षित वापस सौंप दिया। अपना पर्स वापस मिलने पर यात्री ने चालक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज के समय में ऐसी ईमानदारी बहुत कम देखने को मिलती है। चालक के इस सराहनीय कार्य की यात्रियों और स्थानीय लोगों ने भी प्रशंसा की तथा इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। बस चालक की इस ईमानदारी ने यह साबित कर दिया कि आज भी समाज में ऐसे लोग मौजूद हैं जो अपने नैतिक कर्तव्यों को सर्वोपरि मानते हैं। उनका यह कार्य सभी के लिए एक प्रेरणा है।




# 39 वर्ष की सेवा के बाद शिक्षक का कलेक्टर ने किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोंटा

शिक्षा के क्षेत्र में लगभग चार दशकों तक समर्पित सेवाएं प्रदान करने वाले प्रधान अध्यापक सीताराम नाग के सम्मान में गरिमामय सेवानिवृत्ति समारोह का आयोजन किया गया।

31 मई 2026 को अपनी अधिवार्षिकी आयु पूर्ण कर सेवानिवृत्त हुए सीताराम नाग को कलेक्टर अमित कुमार ने शाल, श्रीफल और पीपीए पेंशन भुगतान आदेश भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर कलेक्टर ने उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि श्री नाग जैसी समर्पित शिक्षकों का योगदान ही समाज और राष्ट्र निर्माण की असली आधारशिला है, जिन्होंने अपने सेवाकाल में हजारों विद्यार्थियों के जीवन को सही दिशा दी। 21 जनवरी 1987 को माध्यमिक शाला एर्राबोर विकासखंड-कोन्टा से अपनी शासकीय सेवा की शुरुआत करने वाले सीताराम नाग ने लगभग 39 वर्ष 4 माह और 11 दिन की एक लंबी, उल्लेखनीय सेवा पूर्ण की है। अपने इस पूरे सेवाकाल के दौरान उन्होंने विभिन्न विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने, छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास और विद्यालयीन गतिविधियों को सुदृढ़ बनाने में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी जीआर मण्डावी सहित अन्य अधिकारियों व सहकर्मियों ने उनके सरल व्यक्तित्व, कड़े अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा को शिक्षा विभाग की एक अमूल्य धरोहर बताया।



### शिक्षक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया

भावुक क्षणों के बीच सीताराम नाग ने अपने सेवाकाल की सुनहरी स्मरणीय यादों को साझा करते हुए सभी विभागीय अधिकारियों, सहयोगियों और विद्यार्थियों के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में बिताए गए ये वर्ष उनके जीवन की सबसे बड़ी पूंजी हैं और उनके छात्रों की सफलता ही उनका वास्तविक सम्मान है। शिक्षा विभाग के लिए यह आयोजन एक ऐसे कर्मयोगी शिक्षक की गौरवशाली सेवाओं को नमन करने का अवसर था, जिनका अद्वितीय योगदान आने वाली पीढ़ियों के शिक्षकों को सदैव प्रेरित करता रहेगा।



# जंगल और जमीन के संरक्षण के साथ ही जल प्रबंधन ने बदली 5 गांवों की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कभी गर्मी के दिनों में पानी की कमी, सीमित कृषि उत्पादन और आजीविका के सीमित साधनों से जूझने वाले गांव आज जल संरक्षण, जैविक खेती और सामुदायिक सहभागिता के दम पर आत्मनिर्भरता की नई कहानी लिख रहे हैं।

पिछले चार वर्षों से संचालित इस कार्यक्रम के तहत जल संरक्षण, वृक्षारोपण, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, जैविक खेती, पोषण वाटिका, सामुदायिक वन संसाधन प्रबंधन, पेयजल सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा सौर ऊर्जा के उपयोग जैसे अनेक नवाचार किए गए हैं। इन प्रयासों का सीधा लाभ हजारों ग्रामीण परिवारों को मिला है। परियोजना के अंतर्गत एक हजार से अधिक परिवारों ने जैविक किचन गार्डन विकसित किए हैं। इससे न केवल परिवारों की पोषण सुरक्षा मजबूत हुई है, बल्कि अतिरिक्त सब्जी उत्पादन से किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। किसानों को खरीफ मौसम में औसतन 20 से 22 हजार रुपये तक की अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। खमढ़ोड़गी गांव के किसान प्यार सिंह मंडावी के अनुसार, पिछले तीन वर्षों में पांच गांवों के किचन गार्डनों से 1.20 करोड़ रुपये से अधिक की आय अर्जित की गई है। खमढ़ोड़गी सहित पांच गांवों में 1,157 जल संरक्षण एवं प्रबंधन गतिविधियां संचालित की गईं, जिससे 113 एकड़ अतिरिक्त भूमि सिंचित क्षेत्र में शामिल हुई तथा लगभग 18.26 लाख घन मीटर जल भंडारण क्षमता विकसित हुई। जहां पहले जनवरी के बाद जल संकट शुरू हो जाता था, वहीं अब अप्रैल तक पर्याप्त जल उपलब्धता बनी रहती है। इससे पहली बार जायद फसलों का विस्तार संभव हो सका है।

एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से समर्थन सेंटर फॉर डेवलपमेंट सपोर्ट द्वारा संचालित ग्राम सेवा कार्यक्रम ने जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का ऐसा मॉडल प्रस्तुत किया है, जिसकी चर्चा अब विकास की सफल मिसाल के रूप में की जा रही है। कार्यक्रम के तहत 39 तालाबों के निर्माण और पुनर्जीवन से मत्स्य पालन को भी बढ़ावा मिला है।

### सामुदायिक प्रयास बना विकास की नई मिसाल






#### जल प्रबंधन का टिकाऊ और प्रभावी माडल

समर्थन संस्था के कार्यकारी निदेशक डॉ. योगेश कुमार ने कहा कि सामुदायिक सहभागिता आधारित जल प्रबंधन ग्रामीण विकास का टिकाऊ और प्रभावी मॉडल है। मनरेगा, जलग्रहण विभाग, पंचायतों और ग्रामीण समुदाय के समन्वित प्रयासों से यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ ग्रामीण समृद्धि की नई इबारत लिख रही है।

## खबर संक्षेप

### नाई समाज की बैठक कल ग्राम कोकपुर में

**धनेलीकन्हार।** जिला सर्व सेन नाई समाज ग्रामीण कांकेर की बैठक कांकेर ब्लाक के ग्राम कोकपुर में 6 जून दिन शनिवार को 12 बजे रामायण मंच में आयोजित है। जिला सर्व सेन समाज ग्रामीण के अध्यक्ष प्रभुराम शांडिल्य ने बैठक में सभी फिरकों के अध्यक्ष व सचिव से समस्त जानकारी के साथ उपस्थित रहे। इस बैठक में सभी पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों की उपस्थिति अपेक्षित है।

### विजयी पार्षद ने लिया मिथिलेश का आशीर्वाद



**जगदलपुर।** जीत के बाद कांग्रेस पार्षद मुन्नू तिवारी ने पूर्व क्रेडा चैयरमेन और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मिथिलेश स्वर्णकार के निवास पहुंचकर आशीर्वाद लिया। यह वार्ड मिथिलेश स्वर्णकार और पूर्व विधायक रेखचंद जैन का गृह वार्ड है, इसलिए यहां दोनों की प्रतिष्ठा जुड़ी हुई थी।

### उपचुनाव में भाजपा को मिली करारी शिकस्त

**जगदलपुर।** नगर पालिका निगम में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि इंदिरा वार्ड



उपचुनाव के परिणाम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि जनता ने विकास, विश्वास और जनहित के पक्ष में अपना निर्णायक जनादेश दिया है। भाजपा के समीकरण और रणनीतियां इस बार पूरी तरह विफल हुईं। उन्होंने कहा कि इंदिरा वार्ड की जनता ने कांग्रेस प्रत्याशी को जीत का आशीर्वाद दिया है। एड़ी चोटी का जोर लगाने वाली भाजपा को करारी शिकस्त मिली है। भाजपा ने कई बड़े नेताओं को चुनाव प्रचार में उतारा था। चमक-दमक और राजनीतिक शोर के बीच भी जनभावनाएं कांग्रेस के साथ खड़ी रहीं। चुनाव में धनबल और प्रशासनिक प्रभाव का उपयोग करने की कोशिशें की गईं, लेकिन जनादेश जनसेवा के मुद्दों पर आया।

### लाईवलीहुड कॉलेज में ट्रैक्टर मैकेनिकों का प्रशिक्षण

**जगदलपुर।** लाईवलीहुड कॉलेज द्वारा मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत ट्रैक्टर मैकेनिक ट्रेड में निशुल्क एवं रोजगारोन्मूलक कौशल प्रशिक्षण की शुरुआत की जा रही है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रवेश के लिए 5 जून से 15 जून तक लाईवलीहुड कॉलेज आड़ावाल परिसर में एक विशेष काउंसलिंग कैंप का आयोजन किया गया है, जहाँ इच्छुक उम्मीदवार प्रशिक्षण हेतु अपने आवेदन जमा कर सकेंगे। यह पूरी तरह से एक निशुल्क आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जिसका सीधा मतलब है कि चयनित उम्मीदवारों के लिए प्रशिक्षण के दौरान रहने और खाने-पीने की पूरी व्यवस्था संस्थान द्वारा मुफ्त में की जाएगी।

### निधन

#### राजकुमार यादव

दुर्गुकोंदल। ग्राम महेंद्रपुर निवासी



राजकुमार यादव पुजारी का 4 जून को निधन हो गया, वे कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रहे थे। उनका अंतिम संस्कार में ग्रामीण व रिश्तेदार शामिल हुए।

## सीमित संसाधन, बड़ा सपना और हमर लक्ष्य के माध्यम से मिली शानदार सफलता

# कांकेर के 3 होनहारो ने जेईई एडवांस प्रिपरेटरी रैंक सूची में बनाई जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

कांकेर जिले के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। जेईई मुख्य परीक्षा में जिले के 25 विद्यार्थियों ने सफलता हासिल किया था, जिनमें से 20 छात्र जेईई एडवांस परीक्षा में शामिल हुए। इनमें तीन होनहार विद्यार्थियों ने जेईई एडवांस 2026 की प्रिपरेटरी रैंक सूची में स्थान बनाकर जिले को गौरवान्वित किया है। यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और जिले में संचालित शैक्षणिक नवाचारों की सफलता का प्रमाण है।

■ जोसा काउंसिलिंग के लिए प्रशासन ने संभाली कमान

कांकेर जिले के लिए गर्व का विषय है कि जेईई एडवांस 2026 में सफलता हासिल करने वाले विद्यार्थियों में से तीन होनहार छात्रों ने प्रिपरेटरी रैंक सूची में स्थान प्राप्त कर पूरे जिले का नाम रोशन किया है। इन विद्यार्थियों की उपलब्धि ने यह साबित कर दिया है कि प्रतिभा और मेहनत के बल पर सीमित संसाधनों के बीच भी बड़ी सफलता हासिल की जा सकती है। प्रिपरेटरी रैंक सूची में चयनित विद्यार्थियों में नरहरपुर विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर की छात्रा प्रेरणा वट्टी, प्रयास आवासीय विद्यालय कांकेर के छात्र करण पुड़ो तथा अंतागढ़ विकासखंड की छात्रा सिमरन शामिल हैं। तीनों विद्यार्थियों ने कठिन परिस्थितियों के बावजूद अपनी लगन, मेहनत और दृढ़ संकल्प के दम पर यह मुकाम हासिल किया है। प्रेरणा वट्टी ने सीमित संसाधनों के बीच निरंतर अध्ययन कर यह सफलता प्राप्त की है। वहीं कृषक परिवार से आने वाले करण पुड़ो ने चुनौतियों के बावजूद अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रखते हुए उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। दूरस्थ आदिवासी क्षेत्र की छात्रा सिमरन ने भी अपनी प्रतिभा का परिचय देते हुए प्रिपरेटरी रैंक सूची में स्थान बनाया। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गई है।







#### प्रिपरेटरी रैंक सूची का मतलब

उल्लेखनीय है कि प्रिपरेटरी रैंक सूची में चयनित विद्यार्थियों को भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों द्वारा संचालित एक वर्षीय प्रिपरेटरी पाठ्यक्रम में अध्ययन का अवसर मिलता है। इस पाठ्यक्रम को सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद विद्यार्थियों को निर्धारित नियमों के अनुसार आईआईटी से बीटेक कार्यक्रमों में प्रवेश का अवसर प्राप्त होता है। जिले के इन तीन विद्यार्थियों की सफलता ने कांकेर को शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहचान दिलाई है।

#### बेहतर मार्गदर्शन एवं अवसर करा रहे उपलब्ध

जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद और जिला मिशन समन्वयक नवनीत पटेल ने बताया कि यह उपलब्धि जिले में संचालित हमर लक्ष्य, निमित्त, प्रयास तथा अन्य शैक्षणिक नवाचारों की प्रभावशीलता को भी दर्शाती है। इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण एवं आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए बेहतर मार्गदर्शन और अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं।

#### शिक्षा विभाग को दिए निर्देश

कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर एवं जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी के निर्देशन में शिक्षा विभाग ने जिले के सभी शासकीय एवं निजी विद्यालयों को निर्देश जारी किए हैं कि वे जेईई मुख्य और जेईई एडवांस में सफल विद्यार्थियों की पहचान कर उनसे तथा उनके अभिभावकों से तत्काल संपर्क स्थापित करें। सफल विद्यार्थियों को जोसा काउंसलिंग से जोड़कर उन्हें आईआईटी, एनआईटी एवं ट्रिपलआईटी तथा अन्य प्रतिष्ठित तकनीकी संस्थानों में प्रवेश दिलाने के लिए निर्देशित किया है।

# विधायक सावित्री की पहल पर मिली शीतल पेयजल की सुविधा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

क्षेत्र के लोगों को गर्मी के मौसम में स्वच्छ और शीतल पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में विधायक की पहल पहल पर दुर्गुकोंदल तहसील कार्यालय और जिला सहकारी बैंक परिसर में वॉटर कूलर स्थापित कराए गए। इस जनहितकारी कार्य से प्रतिदिन यहां आने वाले किसानों, ग्रामीणों, फरियादियों एवं राहगीरों को बड़ी राहत मिली है।

जानकारी के अनुसार कुछ समय पूर्व क्षेत्रीय विधायक सावित्री मंडावी ने दुर्गुकोंदल तहसील कार्यालय और जिला सहकारी बैंक का निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पाया कि दोनों संस्थानों में प्रतिदिन ग्रामीण और किसान अपने विभिन्न कार्यों के लिए पहुंचते हैं, लेकिन वहां पर्याप्त पेयजल सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। समस्या की गंभीरता को देखते हुए विधायक सावित्री मंडावी ने ग्राम हाहालद्दी में संचालित गोयल ग्रुप के खदान प्रबंधन से सहयोग पर चर्चा किया। विधायक के संवाद करने के उपरांत गोयल ग्रुप ने पहल करते हुए दोनों स्थानों पर आधुनिक वॉटर कूलर स्थापित करा दिए। वॉटर कूलर शुरू होने के बाद अब लोगों को गर्मी के मौसम में ठंडा और स्वच्छ पेयजल आसानी से उपलब्ध हो रहा है। इस सुविधा का लाभ विशेष रूप से उन किसानों और ग्रामीणों को मिलेगा जो दूर-दराज के गांवों से अपने कार्यों के लिए तहसील कार्यालय और बैंक पहुंचते हैं।

तहसीलदार सुरेंद्र उर्वासा तथा जिला सहकारी बैंक के प्रबंधक शाहीन खान ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि वॉटर कूलर की स्थापना से आम नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

## ग्राम तेलावट में मेधावी विद्यार्थियों एवं समाजसेवियों का किया गया सम्मान

**धनेलीकन्हार।** ग्राम तेलावट में हल्बा समाज द्वारा प्रतिभा सम्मान समारोह एवं वार्षिक उत्सव का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां दंतेश्वरी एवं मां शीतला की पूजा-अर्चना, आरती तथा सामाजिक ध्वजारोहण के साथ हुआ। समारोह में ग्राम कोदागांव की महिलाओं ने हल्बा समाज के पारंपरिक धनकुल लोकगीत के माध्यम से मां दंतेश्वरी की स्तुति प्रस्तुत की। धनुष एवं मटके की थाप पर आधारित इस प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।आयोजित कार्यक्रम में विधायक आशाराम नेताम ने हल्बा समाज ब्लॉक कांकेर द्वारा निर्धन एवं मेधावी विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए दी जा रही आर्थिक सहायता की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए अनुकरणीय पहल बताया। उन्होंने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में इस प्रकार के प्रयास समाज के विकास और युवाओं के उज्ज्वल भविष्य के लिए महत्वपूर्ण हैं। समारोह के दौरान टीकू रावटे और समाज के सचिव अभय ने विद्यार्थियों एवं पालकों को 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा के बाद विषय चयन तथा करियर निर्माण के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 25 मेधावी छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। ग्राम केवटीनटोला के युवाओं को उनकी एकजुटता एवं रचनात्मक गतिविधियों के लिए उत्कृष्ट युवा मंडल सम्मान प्रदान किया गया। एमबीबीएस छात्र डॉ. किशन कस्तूरे ने समाज के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज द्वारा दी गई आर्थिक सहायता के कारण ही वह डॉक्टर बनने का सपना साकार कर पा रहे हैं।



#### यह रहे शामिल

आयोजित कार्यक्रम में डॉ. देवेंद्र माहला, गिरवर ठाकुर, कमल कोसमा, ईश्वर भुआर्य, विनोद रावटे एवं ज्ञानूराम भोयर, जोहरलाल कोमा, डोरेलाल गढ़िया, पवन रावटे, देशीराम भोयर, छेदूराम भोयर, धरम ठाकुर, हरिश्चंद्र औरसा, मालती चुरगिंया, रोमन चुरेन्द्र, दामेश गांवर, नम्मूराम खरे, पंचूराम नायक, उपेश्वर ठाकुर, जगदीश भोयर, हेमलाल गढ़िया, तुमेश चिराग, महेंद्र नायक, पूरन कृषाण, लक्ष्मी चिराम, भीम भुआर्य, बंसूराम घरत, कोमल खरे, उपेश कोसमा, जयराम देहारी, दिलीप टेमरिया, मनराखन चुरगिंया शामिल रहे।

## अमोड़ा क्लस्टर स्तरीय शिविर में समस्याओं का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

कांकेर जिले के जनपद पंचायत नरहरपुर अंतर्गत बस्तर मुन्ने सुशासन त्योहार 2026 के तहत ग्राम पंचायत अमोड़ा में सात पंचायतों का क्लस्टर स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में अमोड़ा, अंखिहरा, कोचवाही, रिसेवाड़ा, बानसागर, मासुलपानी एवं देवगांव पंचायतों के ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भाग लिया।

शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी तथा प्रशासन और जनता के बीच सीधा संवाद स्थापित करना था। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों से आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने पेयजल, सड़क, बिजली, आवास, राशन, पेंशन, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा मनरेगा से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। अधिकारियों ने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे। इसी उद्देश्य से गांव-गांव में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का मौके पर निराकरण किया जा रहा है। जिन मामलों का तत्काल समाधान संभव नहीं है, उन्हें निर्धारित समय-सीमा में पूरा करने की प्रक्रिया शुरू की जा रही है। मुख्य अतिथि जनपद सदस्य कांति पटेल ने कहा कि सुशासन का वास्तविक अर्थ जनता की समस्याओं का समय पर समाधान है। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे हजारों गोटा ने ग्रामीणों से शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ लेने और विकास कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। शिविर में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, आयुष्मान भारत योजना, कृषि तथा महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए। इस अवसर पर सरपंच हरदेव कुंजाम, जनपद पंचायत नरहरपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी बीआर सुकदेव तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



# बिरसा मुंडा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से संदीप और फणीश्वर सम्मानित

**कांकेर।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों को सम्मानित करने के उद्देश्य से चंपारण में आयोजित भव्य समारोह में कोंडागांव जिले के शिक्षक संदीप सेन और फणीश्वर साहू को बिरसा मुंडा राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। यह आयोजन शिक्षा सागर फाउंडेशन द्वारा गुरुवार को आयोजित किया गया, जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से आए शिक्षकों और शिक्षा क्षेत्र से जुड़े गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया।



छत्तीसगढ़ का वृंदावन कहलाने वाले चंपारण में आयोजित इस सम्मान समारोह का शुभारंभ प्रातः 7 बजे हुआ। कार्यक्रम में शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार, उत्कृष्ट शिक्षण कार्य, नेतृत्व क्षमता और समर्पित सेवा भाव के लिए चयनित शिक्षकों को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। शिक्षक संदीप सेन को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों तथा शिक्षा को नई दिशा देने वाली नवाचारी गतिविधियों के लिए सम्मानित किया गया। वहीं फणीश्वर साहू को शिक्षा, समाज और राष्ट्र निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। शिक्षा सागर फाउंडेशन ने दोनों शिक्षकों के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उन्होंने अपने समर्पण, नवाचार और गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के माध्यम से विद्यार्थियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का उल्लेखनीय कार्य किया है। संस्था ने उनके योगदान को शिक्षा जगत के लिए प्रेरणादायक बताया। समारोह में अतिथियों में नेशनल मोटिवेटर एवं शिक्षा सागर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ की प्रतिनिधि डॉ. गायत्री मिश्रा, फाउंडर मेंबर सुरेश राणा, डॉ. शैलेश प्रजापति, सुनील मिश्रा, विजय टोडे, शिवेश शुक्ला सहित अनेक शिक्षाविद एवं शिक्षा क्षेत्र से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

## नैनो डीएपी व यूरिया से बढ़ी उपज, किसान बाबूलाल बने प्रेरणा स्रोत

**कांकेर।** कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीकों और नवाचारों को अपनाकर किसान बेहतर उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं, साथ ही मिट्टी की गुणवत्ता और पर्यावरण संरक्षण में भी लाभ हो रहा है। चारामा विकासखंड के ग्राम तेलगरा निवासी किसान बाबूलाल साहू ने नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग से अपनी खेती में कम लागत में अधिक उत्पादन प्राप्त करने में सफलता हासिल की है।

बाबूलाल साहू के पास लगभग 07 एकड़ कृषि भूमि है, जहां वे वर्षों से धान की खेती करते आ रहे हैं। वे पहले पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों जैसे यूरिया और डीएपी का उपयोग करते थे। पिछले एक वर्ष से उन्होंने



नैनो डीएपी और नैनो यूरिया का उपयोग शुरू किया, जिसके सकारात्मक परिणाम उन्हें देखने को मिले। उन्होंने बताया कि पहले उनकी फसल का औसत उत्पादन लगभग 18 क्विंटल प्रति एकड़ था, जबकि नैनो उर्वरकों के संतुलित उपयोग के बाद उत्पादन बढ़कर लगभग 20 क्विंटल प्रति एकड़ हो गया है। इससे न केवल उनकी आय में वृद्धि हुई है, बल्कि उर्वरकों की आवश्यकता भी कम हुई है। नैनो उर्वरकों के उपयोग से फसल उत्पादन में वृद्धि हुई है तथा मिट्टी की गुणवत्ता और उर्वरता बनाए रखने में भी मदद मिल रही है। कम मात्रा में अधिक प्रभाव देने वाले ये उर्वरक किसानों के लिए लाभकारी साबित हो रहा है। आधुनिक कृषि तकनीकों को अपनाकर उत्पादन और आय दोनों बढ़ाई जा सकती है। वह अन्य किसानों के प्रेरणा स्रोत बनकर क्षेत्र के किसानों को भी नैनो डीएपी और नैनो यूरिया के उपयोग करने की सलाह दी है।

### सेवा निवृत हवलदार विनोद नाग का गृह ग्राम में अभिनंदन

# सीमा के प्रहरी का स्वागत व कांकेर में वीर सपूत का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

देश की सीमाओं की सुरक्षा में 24 वर्षों तक समर्पित भाव से सेवा देने के बाद जब एक जवान अपने गृह नगर लौटता है, तो उसका सम्मान केवल एक व्यक्ति का नहीं बल्कि राष्ट्रसेवा की भावना का सम्मान होता है। ऐसा ही भावपूर्ण और गौरवशाली दृश्य कांकेर शहर में देखने को मिला, जब भारतीय सीमा सुरक्षा बल से सेवानिवृत्त हवलदार विनोद कुमार नाग का नगरवासियों ने भव्य स्वागत और सम्मान किया।

माहुरबंदपारा निवासी हवलदार विनोद कुमार नाग के सम्मान में हल्बा समाज एवं युवा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में पुराने बस स्टैंड से उनके गृह निवास तक भव्य स्वागत रैली निकाली गई।




रैली में समाजजन, जनप्रतिनिधि, युवा, गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में नगरवासी शामिल हुए। पूरे मार्ग में देशभक्ति के नारों, फूल-मालाओं और उत्साहपूर्ण वातावरण ने कार्यक्रम को यादगार बना दिया। गृह निवास पहुंचने पर उनकी माता शिवकुंवर नाग, धर्मपत्नी गायत्री नाग तथा अन्य परिजनों ने आत्मीय स्वागत किया।

इस दौरान आयोजित सम्मान समारोह में विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि देश की सीमाओं पर तैनात जवान राष्ट्र की सुरक्षा के प्रहरी होते हैं। हवलदार विनोद कुमार नाग ने 24 वर्षों तक ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण के साथ सेवा देकर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने कहा कि विनोद कुमार नाग का जीवन युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनका संघर्ष, अनुशासन और कर्तव्यनिष्ठा समाज के लिए अनुकरणीय है। हल्बा समाज के पदाधिकारियों ने उन्हें समाज का गौरव बताते हुए कहा कि ऐसे वीर सपूतों का सम्मान करना समाज का दायित्व है। समारोह देशसेवा के प्रति सम्मान और गौरव की भावना से ओतप्रोत रहा।

युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों ने भी हवलदार नाग के योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि उनकी राष्ट्रभक्ति और सेवा भावना नई पीढ़ी को देशसेवा के लिए प्रेरित करेगी। कार्यक्रम के अंत में हवलदार विनोद कुमार नाग के छोटे भाई विजय नाग ने सभी अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारों, समाजजनों और नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, केमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज